---

1. जितनी सिंचाई करे उतनी ही होती है । 2. सीमित पानी ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
३३७)	१२२६)	१३०२)	१६०२)[1]	९८२)

१ मेहडांणो ४५००)

कोस १३ । रकबो २६४६ । बरसाळी बडा धोराबंध षेत । सेंवज गेहूं चिणा । कोसीटा ४० । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१२१४)	१९४७)	४६६३)	१५४२)	११७३)

१ नीबड़ी कोठारीया री २५००)

कोस १० । रकबो ४०५६ । बरसाळी षेत सषरा काठा मगरा । सेंवज चिणा । ऊनाळी कोसीटा २५ तथा ३० । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
५२१)	१७६१)	२२९१)	२३२६)	१५०८)

१ जावो सोसोदीयां री ४०००)

रकबो ४६७० । बरसाळो षेत सषरा काठा । चिणा धोरा । कोसीटा ७० चांच ५० । सिगळी सींव में[1] सेझौ, करै तितरौ । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
६५१)	६१६)	३६७६)	१४१४)	९१४)

१ मांडळ जोधां १०००)

कोस ११ । रकबो ९६०० । बरसाळी षेत कंवळा काठा । सेंवज चिणा । ऊनाळी कोसीटा २० तथा २५ । चांच २० । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
४९४)	१३२६)	१९१३)	१०१८)[2]	५२६)

---

१. १६२२) । २. १११८) ।

---

1. गांव की पूरी सीमा में ।

१ रेवंत २०००)

मेड़ता कोस ११ । रकबो ७७७६ । बरसाळी षेत कंवळा थळ रा । सेंवज चिणा । ऊनाळी कोसेटा ४ । पांणी थोड़ौ । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
२१०)	८०२)	९२१)	७३३)	९६५)

१ जालसु षुरद १५००)

कोस १० । रकबौ ८२१४ । बरसाळी षेत कंवळा सषरा । सेंवज चिणा । ऊनाळी कोसोटा ४ । पांणो चोढो[1] । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
५०)	३६२)	४०४)	३०५)	२५५)

१ ईटावौ बांभणां १०००)

कोस ··· । रकबो ८६४ । बरसाळी थळ रा कंवळा षेत । ऊनाळी । कोसीटा ७ तथा ८ । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१३३)	१८१)	४५८)	४५३)	२९३)

१ ईटावा भोजु १२००)

कोस ··· । रकबो ५१०४ । बरसाळी षेत काठा मगरा । सेंवज चिणा । ऊनाळी नहीं । वेरो १ पांणी पीवण रौ छै,[2] तठै गांव पांणी पीवै छै । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१०३)	९२१)	३१६)	५११)	३९३)

१ वरणावो थळी १३००)

कोस ११ । रकबो ११७२२ । बरसाळी कंवळा षेत । ऊनाळी नहीं । कोहर १ बंधवो । पांणी मीठौ, गांव पीवै । जाट बसै ।

---

1. पानी कम । 2. पानी पीने के लिए एक कुआ है ।

संमत	१७१५	१६	१७	१८	१९
	१००)	८२६)	३९७)	१४१३)	५१०)

१ कीरड़ १२००)

कोस १३ । रकबो ४५३५ । बरसाळी षेत काठा मगरा । सेंवज चिणा । ऊनाळी कोसीटा १० । जाट बसै ।

संमत	१७१५	१६	१७	१८	१९
	१३६)	५११)	७०१)	१०१३)	४५१)

१ कला पींपाड़ रौ वास ५००)

कोस १० । रकबो ——— नहीं । पांचरूड़ा[1] री सींव में बसीयो[1] । षेत काठा मगरा । सेंवज चिणा हुवै । कोसीटा १० । जाट बसै । हळवा ३० ।

संमत	१७१५	१६	१७	१८	१९
	१०५)	४६२)	५२१)	५१२)	२३६)

१ गुदीसर बडो ४००)

कोस १२ । रकबो ६२२१ । बरसाळी कंवळा षेत रूड़ा । ऊनाळी नहीं । कोहर १ पांणी पीवण रौ । जाट बसै ।

संवत	१७१५	१६	१७	१८	१९
	३५)	५३)	८५)	१५३)	९२)

१ ईटावो लाषां २०००)

कोस १८ । रकबौ १०३७५ । बरसाळी षेत थळ रा कंवळा । सेंवज चिणा । ऊनाळी कोसीटा २५ । पांणी चोढो । जाट बसै । रा० डूंगरसी देईदासोत री बसी रा लोग बसै ।

१. पाचड़ोली ।

---

1. पांचरूडा की सीमा में ही यह ग्राम भी बसा हुआ है ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
२४१)	५५६)	१२४२)	१४१७)	१३८१)

१ ईटावौ लाडषांन २०००)

कोस ८॥। रकबो ३१४८। बरसाळी षेत काठा मगरा। सेंवज चिणा हुवै। ऊनाळी कोसेटा १५ हुवै। जाट बसै।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१५८)	७१६)	७७१)	१०१५)	५१०)

१ सूरपुरौ १२००)

कोस ।॥। षेत काठा मगरा। सेंवज चिणा हुवै। ऊनाळी नहीं। कोहर १ छै, तठै गांव रा लोक पीवै[1]। जाट बसै।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
११४)	५७१)	५७४)	४१९)	४१८)

१ भाडली १३००)

कोस ११। रकबो ५७६६। बरसाळी कंवळा षेत थळ रा। कोहर १ छै, पांणी मीठौ, तठै गांव रा लोक पीवै। जाट बसै।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
११०)	३५१)[1]	५३८)	५१६)	२१५)

१ षेरवै थळी १०००)

कोस १०। रकबो १९४४। बरसाळी कंवळा षेत थळ रा। ऊनाळी कोहर १ बंधवों छै। पांणी घणो। जाट बसै।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
९४)	४१५)	१८९)	५११)	१३५)

१. ३११)

१. गांव के लोग वहां से पीने का पानी लेते हैं।

१ पांचरूड़ो १०००)

कोस १० । रकबौ २४०० । बरसाळी षेत काठा मगरा सेंवज चिणा हुवै । सेझो कोहर नहीं । नाडो मास ४ पांणी हुवै । पछै फला रै वास रा पीवै । जाट वसो ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
९२)	३०९)	३२८)	४६१)	२५१)

१ लांगोड़ ३००)

कोस १२ । रकबौ १४४०६ । षेत सषरा बरसाळी कंवळा थळ रा । सेंवज चिणा हुवै । ऊनाळी कोसीटा ७ हुवै । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१२१)	६१२)	५६२)	८११)	४५१)

१ गोरेहरी करणां ८००)

कोस १२ । रकबौ ६०८० । वरसळी षेत कंवळा सषरा । ऊनाळी कोसीटा ४ । पांणो चोढो । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
२६)	४६१)	२४७)	७३४)	२२३)

१ गेनरड़ी[१] ५००)

कोस १० । रकबो १७३४ । बरसाळी षेत काठा मगरा । सेंवज चिणा धोरां । ऊनाळी कोसीटा १५ चांच २० । करसा गोनरड़ो भेळा बसै । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
८५)	२०६)	४४८)	२०१)	३१)

१ नुहंन पुरद ३००)

कोस १४ । रकबो २४०० । बरसाळी षेत कंवळा थळ रा । ऊनाळी कोसोटा २ । जाट बसै । षेड़ो तोनां ही गांव री भेळी बसै ।[1]

---

१. गोतरड़ी

---

1. तीनों ही गांवों की बस्ती शामिल बसती है ।

संमत १७१५   १६   १७   १८   १९
२५)   ३०८)   ११०)   १३०)   १७०)

१ गोरेहरी चांचा   ५००)

कोस ११। रकबो १२९१। बरसाळी षेत रूड़ा। उनाळी कोसीटा २ तथा ४ हुवै। पांणी चोढो। जाट बसै। घर ५ तथा ७।

संमत १७१५   १६   १७   १८   १९
३७)[1]   १७६)   १०८)   १०७)   १०२)

१ चांदणी बडी   १३००)

कोस ११। रकबो १७३४। बरसाळी षेत कंवळा थळ रा। ऊनाळी नहीं। कोहर १ बंधवो, पांणो मीठौ। षेड़ौ सूनो। नागोर रौ गांव[1]। बांभण बोरा पाही षेत षड़ै। कोहर पीवै।

संमत १७१५   १६   १७   १८   १९
२०)[2]   १०५)   ०   १५१)   ५०)

१ ईटावो षीचीयां रौ   ५००)

रकबो ७४९१। बरसाळी कंवला थळ रा षेत। ऊनाळी कोसीटा ४ हुवै। षेड़ो सूनो। ईटावो बांभणां रा लोक पाही षड़ै। कोस १७।

संमत १७१५   १६   १७   १८   १९
८५)   ६६)   १४५)   २५६)   १०५)

१ रोहीसड़ो   ५००)

कोस ९। रकबो ३४५८। बरसाळी षेत काठा मगरा। सेंवज चिणा हुवै। सेझो नहीं। कोहर १ पांणी पीवण रौ। जाट बसै।

---

१. २७)। २. ३०)।

---

1. मूलतः नागोर परगने का ग्राम है।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
५०)	१६०)	३९)	२०७)	२२६)

१ नुंहन वडी ४००)

कोस १४। रकबो ४०५६। बरसाळी थळी रा षेत कंवळा। ऊनाळी कोसीटा २। जाट बसै। षेड़ौ तो नहीं,[1] नांहन रा भेळा बसै।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
८०)	४११)	५५०)	५००)	१७०)

१ नुहन तीजो ३००)

कोस १४। रकबो ३०९२। बरसाळी षेत कंवळा थळ रा। ऊनाळी नहीं। जाट बसै। षेड़ौ तीनूं ही नुहन मेळा होज बसै।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
३५)	२०६)	१३१)	१४०)	८०)

१ चरड़ा वास ७००)

कोस १३। रकबो १०१४। षेड़ो सूनो[2]। बरसाळी कंवळा थळ रा षेत। नागोर रा गांव बांभण बोरा लोक षेत षड़ै। ऊनाळी नहीं। कोहर नहीं।

संवत १७१५	१६	१७	१८	१९
१०)	१५)	१४७)	२५१)	१००)

१ चांदण षुरद ३००)

कोस १४। रकबो ४८६। षेत थळ रा सषरा। षेड़ो सूनो। नागोर रौ गांव। बांभण रा लोक षेत षड़ै। ऊनाळी नहीं। चांदणी रै कोहर पीवै।[3]

---

1. गांव बसा हुआ नहीं है। 2. गांव सूना है।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
०	०	०	६१)	१५)

१ डुगर छीकणवास[1] २५०)

रकबो १३५० । षेत थळ रा कंवळा । कोहर नहीं । षेड़ो सूनो । डुगर अचळा रौ लोग षेत षड़ै । कोस १० ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
९)	१०१)	१२७)	२५१)	१५०)

४६.

१०८. ५ सांसण

१ रळीयावतो षुरद १०००)

रा. जैमल वीरमदेवोत रौ दत्त । षिड़ीया मोटाल[2] मांडणोत नुं । हिमें लिषमीदास भैरवदासोत नरहर सूजावत नरहर भोजराजोत छै । रकबो २१६६ । षेत काठा कंवळा । कोसीटा ८ हुवै । सेंवज चिणा हुवै । जाट बांभण रजपूत बसै । कोस १२ ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१२५)	४११)	४९१)	५६१)	४१५)

१ गुदीसर षुरद ४००)

राजा श्री सुरजसिंघजी रौ दत्त, सांदू माला ऊदावत पायौ । हिमें सांवतसी आसकरनोत नै कुंभौ ईसरदासोत छै । रकबो ११६२ । बरसाळी षेत कंवळा । कोसीटा २ । जाट बसै । कोस १२ ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
२०)	१५६)	१५)	३०५)	५४)

---

१. छींकणावस । २. मोटल ।

१ भोवली [1] चारणां री १५०)

रा: वीरमदेव दुदावत रौ दत्त षिड़ीया मांडण षींवसुरा नुं। हिमें भगवान जसावत नराईण अषावत, लीषमीदास भैरवदासोत छै। रकबो १४४८। षेत कंवळा थळ रा। चारण जाट बसै। कोहर सेभो नहीं। भाषर नीचै कुंड १ छै तठै पीवै। कोस ११।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
८०)	३११)	३१)	१५८)	१०७)

१ मोगावास २००)

राजा श्री सुरजसिंघजी रौ दत्त, भाट [2] दमान रूपसीयोत दसौंधी नुं, हिमें रिणछोड़ बीहारीदास रौ, चुतरभुज बीहारीदासोत, हररांम मदमन री छै। रकबो ४८४। षेत कंवळा। कोहर १ पांणी पीवै। कोस २०।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
४०)	२०६)	३६)	२०९)	५८)

१ धोळीयो ४००)

माहाराजा श्री जसवंतसिंघजी रौ दत्त, भाट गोकळचंद द्वारका-नाथोत नुं संमत १७१७ दोयौ। रकबो १०२१। षेत कंवळा कोसीटा ७ तथा ८ हुवै। रजपूत बसै। रा० साहबषांन मनोहरदासोत री वसी। कसबा था कोस १५।

संवत १७१५	१६	१७	१८	१९
५०)	८०)	८१)	२०१)	१००)

५

५१

१. भवली। २. बारट

विगत—

९३७५०)	षालसै	गांव ४६
२१५०)	सांसण	गांव ५
९५९००)		गांव ५१

१०९. तफै रैयां—

गांव ५८. रेष १०७०००)

१ रैयां षास ७०००)

कोस ७। रकबो बीघा २९२२[१]। बरसाळी बडा षेत धोराबंध। सेंवज चिणा। ऊनाळी सारो सींव मांहे सेझो। पांणो घणौ। कोसेटा २५० तथा ३०० करै तितरा हुवै। वडौ गांव। वसीवांन लोक जाट।[1] रा. गोपाळदास सुंदरदासोत री वसी रा लोग ऊगवण मांहे।[2]

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
३९०२)	५४०२)	१०६४३)	८६५३)[२]	७४५६)

१ पदमावती वडी ७०००)

कोस ७। रकबो १९३५७। बरसाळी बडा धोराबंध षेत। सेंवज गेहूं चिणा हुवै। ऊनाळो सिगळो सींव में सेझौ। कोसोटा २०१ तथा २२५ हुवै। पांणी नजीक। वडौ गांव। जाट बांणीया और ही रैत बसै। सदा षालसै रहै।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
११५८)	११२७६)	१६५२७)	९९१०)	६६९५)

१ झड़ाऊ ५०००)

१. २९८२२। २. ९६५३)

1. जाटों की बस्ती है। 2. पूर्व दिशा में।

कोस ५ । रकबो ६६०२ । बरसाळी बडा षेत । मगरा सेवज चिणा हुवै । ऊनाळी कोसीटा ११० तथा १२० हुवै । जाट बसै । वडौ गांव ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१६
३३३०)	५१५६)	७२८०)	६१२७)[१]	२६२६)

१ कुड़की ६०००)

कोस ६ । रकबो ४८६०० । बरसाळी षेत काठा मगरा, निपट सषरा[1] । सेंवज चिणा । ऊनाळी कोसीटा २०० तथा २५० करै तितरा हुवै । सारी सींव में सेझो । वसीवांन जाट । जागीरदार री वसी रा लोक । घणौ वडौ गांव[2] ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१६
२६०२)[२]	५७५२)	८५१२)	६६३१)	६४४४)

१ सीहासड़ो[३] ३०००)

कोस ७ । रकबो ६६३६ । बरसाळी वडा धोरा बंध काठा षेत । सेंवज चिणा हुवै । ऊनाळी कोसीटा ६० तथा ७० हुवै । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१६
११६०)	१६६६)[४]	४४३६)[५]	२५२७)	२४१०)

१ कोरीयाठड़ी[६] ४०००)

कोस ५ । रकबो ४४२५ । बरसाळी वडा षेत काठा मगरा । सेंवज चिणा हुवै । ऊनाळो कोसीटा ६० तथा ७० । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१६
२८८२)	२०५२)	४७७६)	२६५२)	७६६६)[७]

---

१. ६१३७) । २. १६०२) । ३- सुहासड़ो । ४. २१६६) । ५. ४४२६) । ६. कुंरियाठड़ो । ७. १६६६) ।

---

1. बहुत उपजाऊ । 2. बहुत बड़ा गांव ।

१ कोड २५००)

कोस १० । रकबो १६१२० । वरषाळी षेत काठा मगरा । सेंवज चिणा हुवै । ऊनाळी कोसीटा ५० तथा ६० हुवै । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
६४३)	१०४२)	१८१३)	१४३९)	८०२)

१ गुवारड़ी बडी ३०००)

कोस ३ । रकबो ७०१७ । बरसाळी षेत काठा धोराबंध । सेंवज गेहूं चिणा हुवै । ऊनाळी कोसीटा ३५ हुवै । तळाब बरसोंदीयौ पांणी रहे । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१२८)[1]	८१३)	१३१६)	१४१९)	६२४)

१ नैतड़ी ३०००)

कोस २।। । रकबो १००८६ । षेत बरसाळी धोराबंध । सेंवज काठा गेहूं चिणा हुवै । सेझो नहीं । तळाव बरसोंदीयौ पांणी रहै । पछै गुवारड़ी पीवै । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
११२०)	३१४२)	७९६)	२८८१)[2]	१३५६)

१ बीजाथळ १५००)

रकबो १९३६[3] । बरसाळी काठा मगरा । सेंवज चिणा सारी सींव में हुवै । ऊनाळी कोसीटा ६० हुवै । सिगळो सोंव में सेझो घणौ । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
८०१)	२३३६)[4]	३६०४)	२५२५)	८७२)

१ आल्हाणीया वास[5] ८०००)

---

१. १२६) । २. २८९१) । ३. ६९३६) । ४. २२३६) । ५. आलणीयावास ।

रकबो ३९३६६ । बरसाळी बडा षेत काठा मगरा । सेंवज चिणा हुवै । ऊनाळी सेझो सिगळी सींव मैं पांणी घणौ । कौसीटा २५० तथा ३०० करै तितरा हुवै । वसीवांन जाट । रा० गोपाळदास सुंदरदासोत री वसी । बडौ गांव । कोस ९ ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
३४१६)	५४०६)	९३५८)	८५०३)	५८५१)

१ पदमावती षुरद ६०००)

कोस ७ । रकबौ ८८५५ । बरसाळी त सषरा काठा कंवळा । सेंवज चिणा सिगळी सींव मैं हुवै । ऊनाळी कोसीटा २५० हुवै । पांणी घणौ । बडौ गांव । जाट बसै । षालसै सदा रहै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
२८८७)	४६४०)	१३८७०)	५२३५)	४८६७)

१ लाडपुरी ५०००)

कोस १२ । रकबो ९४०८ । बरसाळी बडा रेत रा षेत[1], कंवळा काठा । सारी सींव मैं चिणा हुवै । कोसीटा ६० तथा ७० हुवै । सेझो घणो । जाट बसै । जागीरदार रा लोग बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
७७३)	१६७२)	४२४२)	२७४२)	१६०४)

१ झाझुण वासणी[१] २२००)

रकबो २०७२ । बरसाळी बडा षेत । सेंवज चिणा सारी सींव मैं हुवै । ऊनाळी कोसीटा ४० तथा ५० । सेझो सारी सींव में सषरो । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१६२४)	१८५४)	३११२)	२०६३)	१९७९)

---

१. झाझुवसणी ।

---

1. रेतीले खेत ।

१ दासावास १७००)

कोस ... । रकबो २६०६ । बरसाळी षेत काठा मगरा । सेंवज चिणा हुवै । ऊनाळी कोसीटा ३५ तथा ४० हुवै । सेझो सारी सींव में घणौ । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
५०५)	९१६)	६२१२)	१४२१)	८८६)

१ टैहलौ ३०००)

कोस १२[1] । रकबौ ७३५० । बरसाळी षेत काठा मगरा । सेंवज चिणा सारी सींव में हुवै । ऊनाळी कोसीटा ३० तथा ३५[2] हुवै । जाट बसै । बारेट नरहरदास लषावत बसै[1] ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
५२१)	१५४६)	२२३६)	२३२७)	१४२२)

१ रायसलवास १७००)

कोस ३ । रकबौ ३३१३ । बरसाळी षेत काठा मगरा । सेंवज चिणा हुवै । ऊनाळी कोसीटा ४५ हुवै । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
७२)	७६६)[3]	६३२)	१२२१)	२०७)

१ झीथीया[4] ३०००)

कोस ७। रकबो ४४०६। बरसाळी षेत काठा मगरा। सेंवज चिणा। कोसीटा ऊनाळी ११० तथा १२० हुवै[5] । बडौ गांव । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१९०२)	२८००)	४८२७)	४४१३)	३३०७)

---

१. ११ । २. ४० । ३. १६६) । ४. झीघीया । ५. सगळी सींव में सेझो करै तितरा हुवै ।

---

1. लखा का पुत्र बारहट नरहरिदास यहाँ बसता है ।

१ कोरीयो ३०००)

कोस ... । रकबो ३०१५ । बरसाळी षेत काठा मगरा धोरा[1] । सेंवज चिणा । ऊनाळी कोसीटा ४० तथा ४५ हुवै । जाट बसै ।

संमत १७१५ १६ १७ १८ १९
७७६) २०५८) ३३७८) २०२०) १६२०)

१ थाठ[2] ३५००)

कोस ६ । रकबो ५६३७ । बरसाळी बडा धोराबंध षेत । सेंवज गेहूं चिणा हुवै । ऊनाळी कोसीटा ४० तथा ४५ हुवै । जाट गूजर बसै ।

संमत १७१५ १६ १७ १८ १९
३२६) १०१६) २२८३) २३२६) २१७६)

१ सीरीयावास[3] १०००)

कोस ६ । रकबौ ५४०० । बरसाळी षेत काठा मगरा । सेंवज चिणा । ऊनाळी कोसीटा ३५ । जाट बसै ।

संमत १७१५ १६ १७ १८ १९
८५६) १८३१) १५५०) १६४७) १६४२)

१ आबुवास १७००)

कोस ८ । रकबो १९८८ । बरसाळी बडा षेत । सेंवज चिणा हुवै । कोसीटा २५ तथा ३० हुवै । सारी सींव मैं सेझो । जाट बसै ।

संमत १७१५ १६ १७ १८ १९
१०८२) १२३६) २२५९)[4] २०२१) १२३५)

१ संथाणो षुरद २०००)

कोस ८[5] । रकबौ २४७२ । बरसाळी षेत काठा मगरा । सेंवज चिणा हुवै । ऊनाळी कोसीटा ३२ । पांणी घणौ । जाट बसै ।

---

१. धोराबंध । २. थाट । ३. सुरीयावस । ४. १२५९) । ५. ६ ।

संमत १७१५ १६ १७ १८ १९
११६) ५६१) २६१) १०३५) ६११)

१ काळीयाठड़ौ ८००)

रकबो २१६६ । बरसाळी षेत काठा मगरा । ऊनाळी कोसीटा ३० हुवै । जाट बसै[1] ।

संमत १७१५ १६ १७ १८ १९
४२१) ८२१) १३३६)[2] ५३३)

१ धोळेलाव षुरद ८००)

कोस ७ । बरसाळी षेत काठा । रकबो १७६० । सेंवज चिणा । ऊनाळी कोसोटा १० हुवै । जाट बसै ।

संमत १७१५ १६ १७ १८ १९
१३०) ४६१) ३२०) ५५७) २१६)

१ संथाणो षुरद ५००)[3]

कोस ...[4] । रकबो ३८२५[5] । बरसाळी षेत काठा मगरा । सेंवज चिणा । ऊनाळी कोसीटा २५[6] हुवै । जाट बसै ।

संमत १७१५ १६ १७ १८ १९
५७७) ६१६) १३१४) १०३५) ३६२)[7]

१ जोधड़ावास बडो ५००)

कोस ...। रकबो ३७५० । बरसाळी षेत काठा मगरा । ऊनाळी कोसीटा ७ तथा ८ हुवै । जाट बसै ।

संमत १७१५ १६ १७ १८ १९
१७५) १६३) ३८५) ५०६) ४०५)

१ माडावरौ[8] ४००)

---

१. मेड़ता थी कोस ६ (अधिक) । २. १११४) । ३. २०००) । ४. ६ । ५. २४७२ । ६. ३२ । ७. ११६) ५६१) २६१) १०३५) ६११) । ८. मडावरो ।

कोस ४ । रकबो ४५०४[1] । बरसाळी षेत । ऊनाळी कोसीटा ५ अरट १ हुवै । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१३५)	५६१)	५१६)	८११)	३६१)

१ धांमणीयो १०००)

कोस १२ । रकबो ——— । बरसाळी षेत काठा मगरा । ऊनाळी कोसीटा १२ हुवै । वसीवांन लोक नहीं । रा० मुथरादास री बसी रा लोग बसै, षेत षड़ै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१०)	७०)	१९०)	४१६)	१५०)

१ सोढावास ४००)

कोस २ । रकबो २७९५ । बरसाळी षेत काठा मगरा । ऊनाळी सेझो नहीं । तळाव रा वेरा पांणी वसै सौ हुवै[2] । बसीवांन लोग नहीं । हुल सांमीदास[3] रा बेटा बसै । घर २० ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
५)	१५६)	४५)	१५५)	४४)

१ हीदाबास चोधरीयांरो[4] १०००)

रकबो ३४५६ । बरसाळी षेत कंवळा काठा । सेंवज चिणा हुवै । ऊनाळी कोसीटा ५ हुवै । जाट बसै । कोस २ ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
४३)	२९१)	३१४)[5]	३५५)	२२३.

१ पीपळीयो ५००)

---

१. ४७०४ । २. तळाव मास ४ पांणी रहै । पछै ताळाबां वेरां पांणी पेटणी सो हुवै । ३. स्यांमदास । ४. चूंबीयां री । ५. ३७४) ।

कोस १० । रकबो ३१७४ । बरसाळी षेत काठा मगरा । सेंवज चिणा हुवै । कोसीटा १० । ऊनाळी हुवै । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१२०)	२५५)	८६१)[1]	५०९)	२५७)

१ काळणी ५००)

कोस १२ । रकबो ३४५६ । बरसाळी षेत सषरा । सेंवज चिणा । ऊनाळी कोसीटा २० तथा २५ हुवैं । षेड़ौ सूनौ, रा० राघोसिंघ भोजौतेज[2] री वसी रा लोग षेत षड़ै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
८६)[3]	४०६)	१३०)	५५७)	२५६)

१ मांणकीयावास षुरद ४००)

रकबो १३३४[4] । कोस ८ । बरसाळी षेत काठा मगरा । सेंवज चिणा हुवै । कोसीटा १२ हुवै । षेड़ो सूनो । बडा मांणकीयावास रा लोग षेत षड़ै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
८०)	३०६)	२१६)	२०८)	१२५)

१ नैंणपुरौ ६५०)

कोस — । रकबो ८६४ । बरसाळी षेत काठा मगरा । ऊनाळी कोसीटा १० तथा १२ हुवै । सूनो गांव । सुहरीया[5] रा लोग षेत षड़ै ।

संवत १७१५	१६	१७	१८	१९
७५)	१०१)	१०३०)	४५१)	५५१)

१ नाथु री वासणी ४००)

कोस — । रकबो २६०० । षेत सषरा । षेड़ो आलणीयावास

---

१. ८५१) । २. माधोसिंघ भोजोत । ३. ९६) । ४. १२३४) । ५. सेहुरिया ।

में मांजरै । घणा बरस हुवा आलणीयावास रा लोक षेत षड़ै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
२५१)	५००)	१२०२)	५५१)	४२१)

१ परबतवास[1] १००)

रकबौ २४०० । षेड़ो सूनौ । घणा बरस हुवा भड़ाऊ में मांजरै छै ।

१ भेंसड़ौ बडो २२००)

कोस —[2] । रकबो ४९८२[3] । बरसाळी षेत काठा मगरा संवज चिणा । ऊनाळी कोसीटा ४० हुवै । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
९५७)	१८४६)	३६३७)	२६३६)	१८३७)

१ जेसावास[4] १४००)

कोस ६ । रकबा ५७०४ । बरसाळो षेत काठा मगरा । ऊनाळो कोसीटा ४० हुवै । भलौ गांव[1] । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
५०३)	१६३३)	२१६७)	२०३०)	७३९)

१ मथांणीयो १०००)

कोस ८ । रकबो ४३७० । बरसाळी षेत सषरा काठा मगरा । ऊनाळी कोसीटा ७ हुवै । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१०)	२०१)	३५४)	३६३)	३५९)

१ भेंसड़ौ षुरद १०००)

---

१. परबतवस । २. कोस ४॥ । ३. ४९४२ । ४. जेसाव्रस ।

---

1. सभी दृष्टियों से अच्छा गांव ।

कोस ५ । रकबो ४६८२ । बरसाळी षेत काठा मगरा । सेंवज चिणा हुवै । कोसीटा ३० । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१६
१२१)	६१६)	३४६)	६१३)	५०८)

१ मांणकीयावास बडो ६००)

कोस ७ । रकबो १७०८ । बरसाळी षेत काठा मगरा । ऊनाळी कोसीटा १० हुवै । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१६
२३६)	५१६)	८१६)	७००)	३१८)

१ जोधड़ावास षुरद ४००)

रकबो १७०८[1] । बरसाळी षेत काठा मगरा[2] । ऊनाळी कोसीटा १० हुवै । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१६
१५४)	१६३)	५३५)	५०६)	३६६)

१ मीठड़ीया[3] ५००)

कोस ११ । रकबो -- — । बरसाळी षेत काठा मगरा । ऊनाळी कोसीटा २० हुवै । जाट बसै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१६
२४६)	७१६)	१२२६	१२६०)	६६२)

१ कबेड़ीयो[4] १०००)

रकबो २७६५ । कोस १२ । बरसाळी षेत काठा मगरा । ऊनाळी कोसीटा १० तथा १२ हुवै । वसीवांन लोग नहीं । रा० ईंदभांण[5] सुंदरदासोत री वसी रा लोग बसै । षेत षड़ै ।

---

१. २६७०) । २. सेंवज चिणा हुवै (अधिक) । ३. मीठड़ीयो । ४. केडीयो । ५. ईंद्रभांण ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
४५)	७५)	२३३)	२९०)	१४६)

१ जगा सींधळ री बासणी ५००)

रकबो २१६६। बरसाळी षेत सषरा। सेंवज चिणा हुवै। कोसीटा १० तथा १२ हुवै। बसीवांन लोग कोई नहीं। रा० माधोसिंघ भोजरो[1] बेटो री बसी रा लोग षेत षड़ै।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
११२)[2]	२८१)	६९८)	४८१)	२५५)

१ हीदावास गुरड़ीरौ[3] ५००)

कोस ३। रकबो ३४६५। बरसाळी षेत काठा। मगरा सेंवज चिणा हुवै। कोसीटा ऊनाळी नहीं। गुबरड़ी पीवै। जाट १ रा घर ४ बसै[4]।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
३५)	३८३)	५५)	५५८)	२०७)

१ गोपाळपुरौ ६००)

रकबौ ——। बरसाळी षेत काठा। सेंवज चिणा हुवै। बसीवांन लोग कोई नहीं। रा० चांदसिंघ रांमचंदोत री बसी रा लोग बसै।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१६१)	४१५)	३९५)	६३१)	४६०)

१ ढही बावड़ी २००)

कोस १२॥। रकबो १७३४। बरसाळी षेत काठा। सेंवज चिणा। कोसीटा ४ तथा ५ हुवै। षेड़ौ सूनो। घणा बरस हुवा[1] लाडपुरै रौ लोग षेत षड़ै छै।

---

१. भोजराज। २. १२१)। ३. गुवारड़ी रौ। ४. जाट बसै।

---

1. कई वर्ष हुए।

१ षीदावास[1] १००)

रकबो २४०० । बरसाळी षेत रूडा । ऊनाळी नहीं । षेड़ौ सूनौ । कुड़की रा लोग पाही षड़ै । कुड़की में मांजरो ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
२५)[2]	१०१)	१४१)	३०१)	१०१)

१ नरसिंघवासणी १४००)

रकबो ३४५६ । षेत सषरा, सेंवज चिणा हुवै । ऊनाळी कोसीटा १५ चांच १० हुवै । षेड़ो सूनो । गोपाळपुर रौ रा० चांदसिंघ रांमचंदोत री वसी रा लोग षेत षड़ै ।

संवत १७१५	१६	१७	१८	१९
२७१)	१०१)[3]	१०३०)[4]	४५१)[5]	३९७)

१ रांमपुरौ २००)

रकबो ८४० । षेड़ौ घणा बरस हुवा रोहीसा रै जोड़ मांजरै गयौ । के षेत सु रोहीसा रा लोग षड़ै ।

१ गुवारड़ी षुरद १००)

रकबौ २४०० । षेड़ो सूनो । घणा बरस हुवा रीछमाळी के नैड़ी षबर नहीं ।

५४

११०. ४ सांसण

३ बांभणा नुं—

१ संथाणो सारंगवास ३००)

मेड़ता था कोस ९ । रा० नरहरदास ईसरोत रौ दत्त व्यास गोपाळ लषावत पारीष गोलवाळ नुं । हिमें रेषौ[6] पीतांबर रौ

---

१. षीदावस । २. २१) । ३. ३६१) । ४. ३६५) । ५. ६१८) । ६. रीषौ ।

बलु गोरधन रौ भुधर गोईंद रौ छै[१]। जाट बांभण बसै। रकबौ १७७६[२]। कोसीटा ४। षेत कंवळा।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
७७)	१५६)	३१६)	१६०)	०)

१ लूणकरण री वासणी ८००)

कोस ८। राठौड़ सहसा[३] तेजसीहोत रौ दत्त प्रो० गदाधर जीवावत नुं। हिमैं सांमो[४] जोगावत[५] वीको नरावत छै। जाट बांभण बसै। रकबो ४०००। षेत कंवळा। कोसीटा १२ तथा १५।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
४१६)	६१६)	१५५७)	१३६६)	९२८)

१ जगन्नाथपुरौ २००)

कोस ८। जगमाल वीरमदेवोत रौ दत्त श्रीमाळी दवे जगनाथ सदाफळोत नुं। हिमें मोहण तुलछो[६] किसनदासोत छै। जाट कुंभार बसै। रकबौ १५१३। षेत कंवळा कोसीटा ७। षेड़ो सूनो[I]। ——— बसै[७]।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
[२२६)	३०६)	३८५)	३८५)	२३५)[८]

१ लूंगीयो १२५०)

कसबा थी कोस ७ सात। रा० सुरतांण जैमलोत रौ दत्त, आढा दुरसा मेहावत नुं। हिमें डूंगरसी सादुळोत नै देईदांन जगमालोत छै। जाट चारण बांणीया बसै। रकबो १०१४। षेत कंवळा। कोसीटा १२।

१. गोइंद छै। २. ११७६। ३. सेहसा। ४. स्यामो। ५. जगावत। ६. तुलसो। ७. रोहीसी रै ढुह बसै नै षेत षड़ै। ८. 'ख' प्रति का अंश।

I. गांव सूना है।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
२७१)	६६१)	५७१)	६११)	४११)

४

५८]

१११. परगने मेड़ता रै गांवां री ठीक—

आसांमी	जुमले	आवादांन	सूना	सांसण	रेष
ता० हवेली	१२	१०	०	२	२४१००)
ता० अणंदपुर	३९	३३	३	३	११३८५०)
ता० मोकालै	४५	३४॥	२	८॥	८९४५०)
ता० कलरो	४४	३२	८	४	५७९०१)
ता० राहण[1]	५६	३८	७	११	५४७५०)
ता० मोडरो	४१	३७	०	४	९१९००)
ता० अलतवो	३८	३०	४	४	७५१५०)
ता० देघांणो	५१	४०	६	५	९५९००)
ता० रेयां	५८	४४	१०	४	१०७०००)
	३८४	२९८॥	४०	४५॥	

१. राहीण ।

मारवाड़ रा परगनां री विगत

(६) वात परगने सीवांणे री

परगनो सीवांणो जोधपुर थी कोस ३० दषणाद कूण था जीवणे-रौ[1] । जाळोर था कोस १५, महेवा थी कोस १२ छै । आद पंवारां रौ करायौ गढ छै[2] । धरणीवाराह पंवार बाहड़मेर धणी हुवौ । तिण आपरा भाई राजा भोज नुं जाळोर भाई-बांटे दीयौ थौ । तिण रौ बेटौ पंवार वीरनाराइण । तिण इण भाषरी[3] ऊपर गढ करायौ, संमत १०७७ पोस सुद ६ ।

१. **सीवांणा गढ री हकीकत**—छोटी-सी भाषरी ऊपर गढ छै । गढ रै बीच तळाव भांडेळाव षरौ बडौ तळाव छै[4] । पांणी सदा अतूट छै[5] । तळाव बीच कीरत-थंभ ईंट रौ छै । पीरसेद मारू तळाव मांहे गोर चाकले भुरज पीर जमसेद छै । तिण तळाव रो पाळ ऊपर तुरकां रा पीरां री गोरां छै । गढ मांहे अमारत इसड़ी कांई न छै[6] । घर १ नवचोकीयां रौ राव चंद्रसेण रौ करायौ पाको-सो ।

२. को दिन पंवारां रै गढ रह्यौ । पछै पंवारां कनां चहुवांण कीतु आबू जाळोर लीयौ और ही घणी धरती चहुवांणे ली । रावळ कांनड़दे सांवतसी रौ बडौ रजपूत हुवौ । इण आ ठौड़ आपरा भतोज सातल-सोम नुं दी । पछै सातल-सोम ऊपर पातसाह अलावदी री फौज आई, कोई कहै छै पातसाह आप आयौ । कोस १ था सीवांणा रौ भाषर दीठौ सु अळगा थकां भाषरी निपट नांनी दीठी[7] । तरै

---

1. दक्षिण दिशा में दाहिनी ओर । 2. पंवारों का बनवाया हुआ बहुत प्राचीन गढ़ है । 3. पहाड़ी । 4. खूब बड़ा तालाब है । 5. पानी कभी समाप्त नहीं होता । 6. ऐसी विशेष इमारतें नहीं हैं । 7. पहाड़ी दूर से बहुत छोटी-सी दिखाई दी ।

पातसाह फुरमायौ– आ तौ भाषरी निपट सहल छै[1]। आगे नांव कुंभटो हुतौ, पातसाह आ तौ ठौड़ अेकरण समान जीत री छै, तठा सुं नांव सीवांणो नीसरीयौ छै। पछै पातसाह कह्यौ– हूं आज गढ फतै कर नै धांन-पांणी षाईस[2]। पीस सौगंद बाही[3]। आंण डेरौ कीयौ। गढ नुं ढोवौ हुवौ[4]। गढ हाथ आवण रौ नहीं। तरै पातसाह मरण लागौ। तरै आटा रौ गढ कर नै भेळण लागौ[5]। कह्यौ– पछै अेक भाई गढ सुं उतर नै सातल-सोम मांहलो आटा रा गढ में कांम आयौ। अेक भाई गढ रौ कर मुरग तीडो छाडावत पिण सातल-सोम साथे कांम आयौ छै। सातल-सोम री प्रोळ १ छोटी-सी सीवांणे छै, तठा थी मुगले सीवांणो लीयौ।

३. तठा पछै रावळ मालौ सलषावत तपीयौ[6]। मालै मुगलां कना सीवांणो लेनै रा० जैतमाल सलषावत नुं दीयौ, सु इतरी पीढी ९ जैतमाल सीवांणो रह्यौ–

१. रा० जैतमल सलषावत
२. रावत हापो जैतमालोत
३. रावत करन हापावत
४. रावत तीहणो करनोत
५. रावत वीजो तीहणोत
६. रांणो देवीदास वींजावत
७. रांणो जोगो देवीदास रौ
८. रांणो करमसी जोगा रौ
९. रांणो डूंगरसी करमसी रौ

४. तठा पछै अेक वार राव जोधे केराच सातळतोत करने देवीदास वीजावत नुं जोधपुर तेड़ायौ[7] नै सींधल आपमल भाद्राजण

---

1. सरलता से हस्तगत होने वाली। 2. गढ़ जीत कर ही अन्न-जल ग्रहण करूंगा। 3. कसम खाई। 4. गढ़ पर हमला किया। 5. आटे का बनावटी किला बना कर उसे जीतने की रस्म पूरी करने लगा। 6. राज्य किया। 7. बुलाया।

रा धणी नुं सीवांणे ऊपर अजांणजक रौ[1] मेलीयौ सु वींजो मांडण राज धरती नै सिरदार मार नै गढ सीवांणो लीयौ। राव जोधा री आंण फेर नै[2] जोधपुर षबर मेली। सु ओठी[3] जोधपुर नजीक आयौ। तिण हीज बेळां रांणो देवीदास वींजावत इण तरफ मैदांन नुं आवतौ थौ। सु ओठी २ दीठा—सीवांणा रै मारग ऊड़ायां आवै[4]। हाथ मैं पांणी रौ छागलो[5] १ छै। देवीदास रौ मन चमकीयौ[6]—ओठी सीवांणा री तरफ सुं ऊतामळा आवै सो भला नहीं, हाथ में पांणी रौ छागलो कासुं जांणी जे?[7] देवोदास उण रै मारग मांहे आई ऊभौ रहौ। उण नुं पूछीयौ—कुण छौ, कठा थी आया ? एक दोय बेळां पूछीयौ, तौ पिण उणां नहीं कहौ, तरै इण घणौ हठ कीयौ। तरै उणां कहौ—म्है सीवांणा थी आया, सींधल आपमल रा चाकर छां, जोधपुर जावां छा। आपमल छागल पांणी री मेल्ही थी सु लीयै जावां छां। रांणो देवीदास राहावेधी[8] हुतौ, तद ही समझ गयौ—वीजौ मारीयौ राव रै साथ सीवांणो लीयौ, हिमें राव मोनुं मारसी। सु देवीदास आप तौ उठा थी पाळौ हीज नीसरीयौ, चाकर एक साथे हुतौ तिण नुं कहौ—तूं डेरै जाय राव रा आदमी आंपणै डेरै तेड़ण नुं आवसो तिण आगे कोई भेद मत भांगौ[9] नै कहीजो—देवीदास सीकार[1] गयौ छै यों कर नै आघौ काढजो[10]। रात पड़ै तरै थेही नीसर उरा आवजो। ओठी उठै पहोता[11]। राव मांगल[2] गयौ। वात किण ही नुं जणाई नहीं। रांणे देवीदास नुं ऊपरा-ऊपरी तेड़ा मेल्हीया[12], सीताब ले आवौ[13]। आगै आदमी आय देषै तौ देवीदास डेरै नहीं। तरै देवीदास रा चाकरां नुं पूछीयौ—देवीदास कठै ? तरै उणै कहौ—देवीदास सीकार रमण घांघाणी रो तरफ गयौ छै। तरै बांसै[14] आदमी घांघांणी दिसा गया। देवीदास

१. रमण (अधिक)। २. सांमळ।

1. अचानक। 2. जोधा का अधिकार घोषित करके। 3. सुतर-सवार। 4. बड़ी तेजी से चले आ रहे हैं। 5. पानी की थैली। 6. मन में एकाएक विचार आया। 7. क्या समझना चाहिए ? 8. पूर्व दृष्टा। 9. भेद मत देना। 10. जैसे तैसे रवाना करना। 11. पहुंचे। 12. लगातार बुलावे भेजे। 13. शीघ्र ले आओ। 14. पीछे।

अठा थी भंवर गयौ। उठै सैंधो[1] पटेल १ थौ तिण कन्है घोड़ी १ मांग नै घुघरट[१] गयौ। उठै आपरां रो षबर पूछ नै जाळोर रौ गांव जाय सास षाधौ[2]।

५. वांसा राव थांणै सीवांणा रजपूत कोई और साथ भेजीयौ तिके आंण अमल कीयो[3]। गढ मांहे डेरौ कीयौ। पछै राव सीवांणो आपरा बेटा सिवराज जोधावत नुं दीयौ छै सु सिवराज आपरी घणी बसी ले सीवांणा नुं आवै छै। तद रांणो देवीदास वीजावत जाय सांचोर रहौ थौ। तरै घुघरोट रै भाईले दीठौ राव जोधा रौ बेटौ सीवांणे आय बैठौ तरै मांहरो अठा सुं वास चूकौ[4]। तरै भाईले रांणो देवीदास नुं षबर मेल्ही–राव सिवराज गढ मांहे पैठौ तौ पछै नीसरण रौ न छै, तिण वासतै थे कोई पहली विचार करौ। तद रांणो देवीदास साथ कर नै सीवांणा ऊपर रात रौ आयौ। कहौ–सिवराजजी आयौ, पौळ षोलो, सु आगे सिवराज री[२] अवाज हुती, राव रै साथ पौळ षोली। देवीदास कोट मांहे पैस नै[5] राव रौ साथ सो कूट मारीयौ। रांणा देवीदास री दुहाई फिरी। राव जोधा नुं सीवांणो लीयां री षबर पहोती, तरै सिवराज नुं दूनाड़ौ दीयौ छै। सिवराज दुनाड़े हीज रहौ। रांणो देवीदास बाप रै बैर भाद्राजण ऊपर गयौ[6]। सींधल आपमल घणौ साथ सुं मारीयौ।

६. पछै कितराहेक दिनां रांणो देवीदास मुवौ[7]। पाट[8] रांणो जोगो बैठौ, सु ही भलौ ठाकुर हुवौ। सीवांणौ भोगवीयो। तठा पछै जोगो मुवौ। पाट रांणो करमसी जोगा रौ[9] बैठौ। तिण सीवांणो भोगवीयो। करमसी मुवौ। पाट रांणो डूंगरसी करमसी रौ बैठो, सीवांणा रौ धणी छै।

---

१. घुघरोठ। २. आवण री (अधिक)।

---

1. परिचित। 2. विश्राम लिया। 3. राज्याधिकार स्थापित किया। 4. हमारा यहाँ रहना संभव नहीं। 5. अन्दर प्रवेश करके। 6. बाप का बैर लेने के लिये भाद्राजून पर हमला किया। 7. मर गया। 8. राज्य-गद्दी। 9. जोगा का पुत्र।

७. पछै जोधपुर राव मालदे धणी हुग्रौ । सीवांणो रांणो डूंगरसी हुवो । पछै राव मालदे सीवांणा ऊपर आयौ । रांणा डूंगरसी गढ झालीयौ[1] । मास ••• गढ घेरियौ । पछै डूंगरसी रौ सत छूटौ[2] । गढ ऊतर दोयौ[3] । रा: मदौ मेरावत मेरौ देवीदास रौ तिण रै घरे भारमल री बहन आमो[१] थो । उण मदा नुं कह्यौ–तूं गढ मर नै दै । पछै मदो कांम आयौ । अमो सती हुई । संमत १५९५ असाढ बद ८ राव मालदे सीवांणौ गढ लीयौ । राव जीवीया तठा तांई गढ रह्यौ । पछै राव मालदे मुग्रो, तरै सीवांणौ एक बार रजपूत रा० रायमल मालदेग्रोत नुं दीयौ । पछै राव चंदरसेण रायमल कन्हा गढ उरौ लीयौ । रायमल मेवाड़ गयौ । पछै कितराहीक दिन राव चंदरसेण रै सीवांणो रह्यौ ।

८. पछै पातसाही फौज सीवांणा ऊपर सेहबाजषां कन्हो राजा रायसिंघ भुरटीयो[4] आंण घेरीयौ । राव साथ मांहे थौ । गढ री कूंची मुं० पता उरजनोत रै हुती । मास ••• गढ बीग्रहयो । पछै मुं० पता रै गोळी रात री लागी । पछै राव रौ साथ ऊदावत जैमल नैतसीहोत रा० पतौ नगावत रा० बैरसल प्रीथीराजोत संमत १६३२ इण मुगल सुं बात कर नै गढ उतर नै दीयौ । अै धरमदुआर नीसरीया[5] । को दिन मुगलां रौ थांणो रह्यौ । पछै धरती मांहे घणौ षाज-पीज[6] का नहीं । पछै मुगल धरती ऊभी मेल[7] परा गया । पछै संमत १६३५ राव चंद्रसेण डूंगरपुर था पाछौ आयौ तरै वळे राव चंद्रसेण गढ पाछौ हाथ कीयौ[8] । पछै संमत १६३७ रा माहा सुदि ७ राव चदरसेण काळ कीयौ । तद रा० रायमल ही बेगौ मुग्रौ ।

९. कीलांणदास परतापसी दरगा गया । पछै पातसाह इणां दुनो

---

१. आमु ।

---

1. गढ़ में सुरक्षित रहा । 2. शक्तिहीन हो गया । 3. गढ़ में सुरक्षित रहना संभव नहीं रहा । 4. बीकानेर का राजा । 5. प्राणों की भिक्षा मांग कर निकले । 6. खाने-पीने की सामग्री । 7. त्याग कर । 8. अधिकार में किया ।

भायां नुं सोवांणो दीयौ। पछै मोटै राजा नुं संमत १६४० श्री पातसाहिजी जोधपुर दीयौ। पछै मोटै राजा साहिजादो सेषु नुं परणायौ। तठै रा० कीलांणदास सुं षांनाजंगो[1] हुई। पातसाहि रीसांणो[2]। सोवाणो मोटा राजा नुं दीयौ। पहलो एक बार मोटे राजा फौज कंवर भोपत रावळ मेघराज रा० किसोरदास रांमौत रा० आसकरण देवीदासोत[1] और ही साथ मेलीयौ। पछै राठौड़ कीलांणदास रायमलोत रातीबाहो मांणस ५० तथा ६० सुं दीयौ। कांम कीलांणदास जीतौ। मोटैराजा रै साथ रा पग छूटा। तठै रा० रंणो मालावत रा० कलौ जैसावत कांम आया। फौज भागी। पछै मोटौराजा आप घणौ साथ बडो फौज लै आया। गढ घेरोयौ। पछै पाल्हीया[2] रै भेद जंम[3] बुरज रौ राव रौ साथ चढीयौ। रांणै कीलांणदास जुहार बाळ नै सांमो आयौ। बाज मुऔ[3]। संमत १६४६ मिगसर वद ७ गढ लीयौ। रांणा कीलांणदास साथे इतरो साथ कांम आयौ—

१ रा० गोपाळदास भींवोत।
१ गोधो भादो हेमावत।
१ भाटो भाषरसी कूंपावत।
१ सेयटौ[4]
१ भायेल लालो रातीवाहे।
१ चां० गोपाळ झांझणोत।
१ भाटो पंचाईण बीसावत।
१ दहोयो।
१ धायेभाई कड़वो।
१ भायेल गोईंद बसी मांहे।

१०. मोटैराजा रौ साथ रतीवाहो[4] रांणे कीलांणदास दीयौ, तरै कांम आया—

---

१. देवीदास आसकरनोत। २. पालीया। ३. जाम। ४. सेपटो।

---

1. लड़ाई, झगड़ा। 2. नाराज हुआ। 3. युद्ध करके वीरगति पाई। 4. रात का हमला।

१ रा० राणो मालावत।
१ रा० कलौ बैरसलोत।
१ पींपाड़ो कान्हा दुजणसलोत कंवर भोपत रौ चाकर।
१ रा० ईसरदास नैतसीहोत। रा० रांणा मलावत रौ चाकर।
१ रा० कलौ जैसावत।
१ दी० परबतसिंघ मेहाजलोत, तन पसेरीयो पटै[1]।
१ रा० जेसो जगमालोत।
१ बीदावत जैतसी रौ चाकर।

११. परगने सीवांणे री रेष, पातसाही तरफ था पायौ—

दांम	रुपीया	आसांमी
१५००००० ।	३७५००)	मोटा राजा श्री उदैसिंघजी नुं।
१५००००० ।	३७५००)	राजा श्री सूरजसिंघजी नुं थौ।
२५००००० ।	६२५००)	राजा श्री गजसिंघजी नुं हुवौ।
३०००००० ।	७५०००)	माहाराजा श्री जसवंतसिंघजी नुं।

१२. हिमें परगनां री रेष गांवां ऊपर इण भांत छै तिण री विगत—

१००)	कसबो सीवांणो	१[2]	३५००)	कीलाणो[3] उपजतां	१
३५००)	वीठोजौ उपजतां रौ	१	२५००)	वांभसैण उपजतां	२
२५००)	बालोतरौ उपजतांरौ	१	२०००)	समदड़ी	१
१५००)	जांणोवाणौ धारावासणी	२	४००)	पचपदरौ	१
२०००)	हौठलु	१	२०००)	दहीपड़ौ	१
३०००)	कीटणोद	१	३०००)	मांगलौ	१
२५००)	आसौतरौ	१	२५००)	मोतीसरो	१
२०००)	कुंपावस	१	२०००)	जोड़ोतरी[4]	१

१. नवसरो पटै। २. ३। ३: काणाणो। ४. जोड़ोतरी।

४०००) राषसी १
१०००) पाडु[1] १
१०००) करमावास नै बांनेवड़ो २
५००) घांघांणो[2] १
२००) देवाध १
४००) धीरां १
३००) मांहगो १
१२००) देवळीयाळी १
५००) गड़ौ १
५०) पांसु सुनो १
२००) वाहलीयाणो १
१०००) कुंडल १
२०००) कालंणो बास ५

 १०००) कांलणो
 ३००) रसोळाव[5]
 ३००) कान्हानड़ो
 २००) बेदु रो बाड़ो
 २००) पीड़ा ढंढ

 २०००)

३०००) जगीसां कोटड़ी १
१०००) रांमसैण १
१०००) गोपड़ी १
४००) मोडी १
२००) गोरमी १
३५०)[3] तेलवाड़ौ १
२००) जीणपुर १
१००) देभला, सूनो १
५००) सीणेर १
३००) मीठड़ो[4] १
२००) पादरड़ी षुरद १
७००) सेहलो १
२५००) थोभ बास ६

 १८००) बडोबास
 २५०) बरसिंघ रौ बास
 २००) तिसींगड़ी
 २००) चौ० जैता रो बास
 ५०) बास २

 २५००)

२००) कणीवाड़ौ १
३००) षारड़ी वास २
१०००) नहवाहि १
१२००) बाये १
४००) लुद्रड़ो १
२५०) अरजीवंणो १
१००) करमावास १

२०००) सीराणो १
१०००) पाटोधो १
१०००) अंबा रौ बास १
३००) बीजळीयो १
४००) फुलण १
४५०) कागड़ी १
५००) देवढो १

१. पेंडु। २. घाघाणो। ३. ३५००)। ४. मीठोड़ो। ५. रसेळाव।

५००)	बावलु	१
१२०)	सुंदयो	१
७००)	ईंदरांणो	१
३००)	पटाऊ बडी	१
३००)	कांकरालो	१
१२००)	सांवरलां	१
६००)	पाडलाऊ	१
९००)	सूरपुरौ	१
७००)	लालणो[1]	१
५००)	चीहाली	१
२००)	पटाऊ षुरद	१
५००)	कुहीयप	१
२००)	षीदावड़ो	१
४००)	मुंठलो	१
४००)	पीपलण	१
२००)	दांतालै नै महेलड़ा	२
६००)	भुंती	१
३००)	बाघलप[3]	१
३००)	त्रीगठी	१
१००)	देवासण	१
५००)	घड़सो रौ बाड़ो	१
४००)	रवणीयो	१
६००)	सेवाली	१
२००)	छडणो	१
३००)	थंपणी	१
७००)	लालीयो	१
८००)	उमरळाई	१
३००)	भरहड़	१
५००)	मोकल नडी	१
६००)	महेलीं	१
३००)	कुवड़ी	१
४००)	षाषरलाई	१
७००)	माहगड़ो	१
१००)	गौड़ां रौ बास	१
६००)	गुघरठ	१
२००)	पादड़ी बडी	१
३००)	भगया[2]	१
६००)	षारवाहो	१
३००)	सायेलो	१
१००)	कंकसी	१
३००)	बागावास	१
८४७२०)	गांव	११४
४५५०)	सांसण	३०
८९२७०)	गांव	१४४

१३. कसबै सीवांणा रो बसती ।

संमत १७२१ रै बरस मांडी छं—

१. लालाणो । २. भगवा । ३. बघलाप ।

८१	माहाजनां रा	२५	बांभणां रा
१०	सोनार	२	कुंभार
४	भोजग	४	सुतराड़
४०	तुरक	१	पींजारो
१	छींपा	१	नाई
१६	ढेढ	२	थोरी
१	जागरी		

१८८

६५ रजपूतां रा वास ६, तामें ४ बसै छै—

२५ गांगा पड़िहार रौ बास ।
२५ मेरीवास ।
३० सिवराज रौ बास ।
१५ देदा भायल रौ बास ।

६५

२८३ घर छ ।

१४. परगने सीवांणा री फिरसत[1] गांवां री—

गांव आसांमी

५२ षुलासा गांव निषालस

५ बांणीया वगैरे बीजो रैत बसै ।

१	कसबै सीवांणो	१००)
१	बादलु	५००)
१	कीटणोद	३०००)
१	बाये	१२००)
१	देवढो	५००)
१	कांगड़ी	४५०)

1. सूची ।

३७ पटैल बसै, मांहे बीजी ही रैत[1] बसै छै।

१	कार्णाणो	५००)[1]
१	समदी[2]	२०००)
१	मंगलो	३०००)
१	जगीसा कोटड़ी	३००)
१	राकसी[3]	४०००)
१	नहवाई पलीवाळ मांहे मडो	१०००)
१	बंबसेण	२५००)
१	आसोतरो	२५००)
१	थोभां, बडो बास	२०००)
१	दहीपड़ो	२०००)
१	जिड़ोतरी	२०००)
१	जीणीयणो	१५००)
१	होठलु	२०००)
१	सीरणी	२१००)
१	करमावास	१०००)
१	देवलीयाळी	१२००)
१	लालीयो	७००)
१	मोतीसरो	२५००)
१	संबरला	१२००)
१	कूंपावास	२०००)
१	भुती	६००)
१	चीहाली	५००)
१	मोकलनडी	५००)
१	रवणीयी	४००)
१	सुरपुरो, जाट बसै	६००)

१. ३५००)। २. समदरड़ी। ३. राषसी।

1. अन्य जाति के लोग।

१	सोयली	३००)
१	ललांणो	७००)
१	पाडलाऊ	६००)
१	षारवाहो	६००)
१	काठाड़ी, बांणीयां रेबारी रजपूत बसै	४५०)
१	महेली	६००)
१	बाघलवस	३००)
१	आंबां रौ बाड़ो	१०००)
१	भुरड़, जाट बसै	३००)
१	त्रिगठी	
१	सेवाळी	६००)
३७		

विगत—

३४ पटेल

२ जाटां रा

१ बीजी रैत

१० पालीवाळ बांभण बसै—

१	वीठोजो	३५००)
१	रांमसेण	१०००)
१	पचपदरो	४००)
१	माडापो	३१००)
१	माहगड़ो	७००)
१	बालोतरो	२५००)
१	गोपड़ी	१०००)
१	नवाई, पटेल बसै	१०००)
१	छंडाणी	२००)
१	ऊमरळाई	८००)
१०		

विगत—बीजी रैत ६

५२ विगत—

बीजा रैत	६
पटेल	३५
जाट	२
पलीवाळ	६

रजपूत लोक बसै, मांहे बसीयां रहै—

१ पादरू	१०००)	१ पाटोघी	१०००)
१ ईद्रारांणो	७००)	१ षाषरलाई	४००)
१ कुंडल	१०००)	१ सेहलो	७००)
१ बाहलीयांणो	२००)	१ गड़ो	५००)
१ फुलण	४००)	१ दांतांलो	३००)
१ घाणांणो	५००)	१ कुहीयप	५००)
१ मीठोड़ो	३००)	१ पीपलण	४००)
१ मोडी	४००)	१ पादरड़ी बडी	२००)
१ देवाध	२००)	१ गुघरट	६००)
१ अरजीयांणो	२५०)	१ थांपण	३००)
१ सीरेण	५००)	१ षारड़ी	३००)
१ त्रीसींगड़ी	१५०)	१ कांकरालो	३००)
२ पटाऊ ३००)२००) = ५००)		१ मांहीगी	३००)
२ धीरा	४००)	१ जीणपुर	२००)
१ पीड़ढंढ[1] कलाणां रौ २००)		१ पादरड़ी षुरद	२००)
२ भगवा २००)१००) = ३००)		१ बीजळीयो	३००)
२ बास			
१ लुद्राड़ो	४००)	१ कुठलो	४००)
१ वरसिंघ रौ बास थोभ रौ	२५०)	१ तेलवाड़ो	३५०)

१. पीड़ाढंढ ।

१ रासेळाव कालाणां रौ १ घड़सी रौ वाड़ो ५००)
१ चौहाणां रौ बास २००)
थोब रौ

४२

१५. २० सूना मांजरा—

१ देवासण[1] कांगड़ी[2] १००)
रवणीया बीच घास कटै ।

१ कान्हा रौ वाड़ो थोभ रौ बास ५०)
थोभ मांहे षड़ीजे ।

१ बादु रो बाड़ो कालणां रौ २००)
— — समत[3] बसतौ ।

१ झीका रो पाद्र ५०)
भाषर छै । षेत सोणेर रा षेड़ा[4] ।

१ कुबड़ी ३००)
पैहली कुंभार बसता । पाटाऊ मांहे षड़ीजै ।

१ बागाबास १००)
पहली जाट बसता । पछै आसाईच बसता[5] पहोस — — —
नाहली बांमसेण मंगला बीच भाषरी रौ गांव ।

१ देभलां १००)
धीरां मांहे षड़ीजै । मूळ जाळोर रौ गांव । पवाड़ोया रजपूत बसता ।

१ पासु ५०)

१. देवासणी । २. काढाड़ी । ३, पहली भायल ढूंढो । ४ षड़ें । ५. पछे सायब बसिया था ।

पादरु बांसे षड़ीजै । पहला दहीया बसता ।

१ मोडरो ४००)

काणाणा मांहे षड़ीजै । संमत १६९२[1] जेता भेळो करायौ । आगे जुदो थौ ।

१ गोड़ा रौ बास १००)

कुहीप मांहे षड़ीजै । भींव रौ गुढो कहीजै ।

१ मोकलीया[2] वेरो

कणाणा मांहे मांजरै ।

१ सुहीयो १२०)

वावळु मांहे मांजरै । तीरवा १ पछिम नुं ।

१ बनैवड़ो १५०)

करमावास मांहे मांजरै। करमावास समदड़ी बीच ।

१ धारीया वासणी २००)

होठलु षैड़ौ छै । जीणोयांणा भेळो भोग दै ।

१ काकसी[3] १००)

पादरु षेड़ो[4] रा० किसनदास जसवंतोत बसोयौ थौ सु पहला जाळोर रा मेड़ता ।

१ षीदावड़ो २००)

कुहीप मांहे षड़ीजै । भायल षीदो बसतो ।

१ महेलड़ी

दताळी मांहे षड़ीजै । दताला भेळौ मांडौ ।

१ कणीवाड़ो २००)

---

१. १६९३ । २. गोकलीया । ३. केकसी । ४. षड़ै ।

कुंडल मांहे मांजरै । घणा दिन रौ सुनो ।

१ गोरवी ५०)

घांणांणा मांहे षड़ीजै । जाळोर रा देसां[1] भाटी बसता ।

१ थोभ रौ वास १

मांडलप रौ मंडायो छै सु जुदो षेड़ौ कोई नहीं । मांडलप तळाव ऊपर गांव तीसंगड़ी वसी छै नै वीजो बास १ बडाबास मांलौ मांडोयौ छै ।

---

२० २४७०)

१६. ठीक गांवां री, सीवाणा रा बसता सूना फरसत ऊपर छै ।

९४ बसता— ३० सांसण—

५ बीजी रैत ३७ पटैलां रा १० पलीवाळां रा

२० रजपूतां रां २० सूना मांजरै

९४

१४४

१७. ३० गांव तीस सीवांणे रा सांसण छै ।

१७ बांभणां नुं—

३	सीलोर रा वास राजगुर नुं	४००)
१	त्रीसींगड़ी बल्ही[2] रौ बास सोढा नुं	१००)
१	माहबारी पाचलोर	१००)
१	सरबड़ी मंनाणो[3]	४००)
१	महैकरना[4] रोहाड़ा रौ सोढा नुं	५०)
१	सींहथली लुणोतरा	१००)
१	कालीया वासणी[5]	५०)
१	आसरावो दुदावत्त नुं	२००)

---

१. दीसां । २. वली । ३. मनणा नुं । ४. मेह करना । ५. वधन (अधिक) ।

१	साणोसणी[1] वाकुलीया नुं	४००)
१	पटाऊ रौ वास मनाणा नुं	५०)
१	उमरलाई षुरद सोढा नुं	५०)
१	पाटौधो रौ वास सीधीया नुं	१००)
१	केलणकोट वांकुलीया	५०)
१	भीदाकुवो सीहा नुं	१००)
१	लोळाबास वाकुलीया सूनो	१००)
१७		

१३ चारणां नुं–

१	कोडुषो सूनो महेवा[2] नुं	५०)
१	रीछोली रोहड़ीया नुं	६०)
४	रोहडा[3] रा बास	
	१ मईयां नुं	१००)
	१ सीढाईच नुं	५०)
	१ रोहड़ीया नुं	५०)
	१ आसीयां	५०)
१	वांदु रो बाडौ मीसण	२००)
२	ईकडाणी रा बास	
	१ वडो बास रोहड़ीया नुं	४०)
	१ षुरद बास मीसण नुं	३०)
१	भांडीयावास आसीया नुं	२००)
१	कालाणा रौ बास रतनुवां नुं	२००)
१	घड़ौई रतनू	१५०)
१	आलेचड़ी आसीया नुं	५०)
१३		३४८०)
३०		
१४४		

१. सातोसणी। २. मेहडुवां। ३. रोहाड़ा।

१८. – – – – कुल री ठीक।

रुपीया	गांव	आसमी
५७५०)	५	षुलासा बांणीया वगेरे बीजी रैत बसै।
४८६५०)	३७	पटेल तथा दूजी रैत बसै।
१३५००)	१०	पलोवाळ वगैरे बसै।
१५८१०)	४२	रजपूत बसै।
३४८०)	१७	बांभण बसै।
२४८०)	२०	सांसण।
२१७०)	१३	चारणा बसै।
८६६६०)	१०४ गाव	

१९. परगने सीवणा री फिरसत–

१ सीवांणो गढ १००)

जोधपुर था कोस —। बांणीया वगेरे बीजी रैत बसै, षुलासा गांव।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१००)	१०५)	५७)	६४७)	१०६)[1]

१ देवढो ५००)

सीवांणा था कोस ४ ऊगोण दिसी। बांभण बांणीयां रैंबारी रजपूत बसै। बास ३ छै। धरती हळवा ५० तथा ६०। षेत निपट सषरा[1]। ऊनाळी नहीं। तळाव घड़ोई मास ५ पांणी। कुवो १ बंधवो छै, तठै पीवै।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१००)	४००)	४००)	४००)	३०१)[2]

१. १२०)। २. ४००)।

1. खेत बहुत अच्छे हैं।

१ बाय १२००)

सीवांणा था कोस ५ ऊगोण मांहे। रजपूत रैबारी बांणीयां कुंभार बसै। धरती हळवा २००। षेत सषरा बाजरी मूंग मोठ। ऊनाळी नहीं। बावड़ी १ पूना बेगड़[1] री कराई। मीठौ पांणी। तळाव मास ४ पांणी। बेरा पार रा कोस १, पुरस ४ पांणी मीठो। भाषर रा गांव था नजीक। बडो भाषर छै। कोस ११ घांणाणा सुधौ। पांणी ठौड़ २ तथा ३ छै। संमत १७१५ हुतौ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
३००)	७००)	६११)[2]	६०१)	६०१)

१ बावळु ५००)

सीवांणा था कोस ४ ऊगण मांहे। रैबारी नै बांभण बसै। धरती हळवा ४० तथा ५० षेत। ऊनाळी नहीं। तळाव १ बांधडो मास ४ पांणी। कुवो १ पुरस १४[3] षारौ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
६०)	१२०)	१२०)	१२०)	१२०)

१ कीटणोद ३०००)

सीवांणा था कोस ६ ऊतर दिसी। कुंभार बसै, रैबारी रजपूत बसै। पाही षड़ै छै। धरती हळवा ६० तथा ७० बड़ा षेत। ऊनाळी करै तितरी हुवै। रेल मांहे सेवज घणा हुवै। नदी लूणी नजीक। तळाव मास ६ पांणी। कुवो पुरस १० मीठौ। पहली पटेल बसता।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१७५)	११९८)	३०९२)	१५००)	९६३)

२०. पटेल लोक बसै, नीषालस गांव षुलासा—

२ कांणाणो ३५००)

---

१. वेगड़ी। २. ६००)। ३. पुरसे १०।

सीवांणा था कोस ६ ऊतर दिसी । पटेल बांणीया बांभण तुरक बसै । पवन जात ही बसै छै । धरती हळवा ८० तथा ९० । मूंग मोठ जुवार बाजरी हुवै । ऊनाळी अरट १२ कोसीटा ३५ हुवै । रेल नदी री आवै तरै जुवार री ठौड़ काठा गेहूं हुवै । तळाव मास ५ तथा ६ रौ पांणी । कुवौ १ मोठौ गांव रै फळसै छै[1] । नदी कोस छै । मूळ पलीवाळ रौ गांव[2] । सीवांणा रौ चोतरो कांणाणे छै[3] । बडौ गांव । कसबा दाषल गांव छै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१२३५)	३५३०)	३३९७)	४३७२)	२६३२)

१ समदी[1] २०००)

सीवांणा था कोस ७ ऊतर दिसी । पटेल बांभण बांणीया रैबारी बसै । धरती हळवा १०० । षेत सषरा । ऊनाळी अरट १०, कोसीटा २० हुवै । तळाव नहीं । नदी गांव था नजीक तठै पीवै । कुवा २ बंधवा छै । भाषरी गांव नजीक छै । पहली सीवांणा रौ चोतरो समदड़ी हुतौ ।[3] बडी बसी, बडौ गांव थौ । हिमें बसती तूट गई[4] । हाकम ऊठै रहता ।

संवत १७१५	१६	१७	१८	१९
६२७)	८४३)	२४७३)	१९१९)	११४२)

१ मांगलो ३०००)

सीवांणा था कोस ५ ऊतर दिसी । पटेल रजपूत कुंभार बसै । धरती हळवा ५० तथा ५५ । षेत निपट अवल[5] । ऊनाळी अरट १० तथा १२ । कोसीटा ४०, चांच २० तथा २५ । रेल आयां धणां काठा गेहूं हुवै । तळाव मास ५ पांणी, पछै कुवे पीवै । नदी लूणी गांव सूं नजीक षेड़ो भाषरी षांभै ।

---

१. समदरड़ी ।

---

1. गांव के आगे ही । 2. मूलतः पलीवालों का गांव है । 3. सीवाने का मुख्य गांव है । 4. बस्ती कम हो गई । 5. बड़े उपजाऊ खेत ।

१ जगीसा कोटड़ी ३०००)

सीवांणा था कोस १० पूरब दिसी। पटेल बांणीया रैबारी बसै। धरती हळवा ५० तथा ६०। षेत सषरा। ऊनाळी अरट २० कोसीटा १५ तथा २० री ठौड़। गांव तळाव नहीं। बेह[1] १ छै सु भरीजै। तरै मास ६ पांणी। पछै मांहे बेरा षुणीजै[1] छै, तठै पीवै। नदी २ लूणी नै सूकड़ी गोढवाड़ वाळी बेऊ बहै। पहली आंबा रौ बाड़ौ भेळौ छौ, हिमें जुदौ टाळीयौ छै[2]।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
४४०)	६३७)[2]	२५६०)	१०५९)	७७८)

१ बांभसेण २५००)

सीवांणा था कोस ८ ऊगोण दिसो। पटेल बांणीया कुंभार बसै। धरती हळवा ३५ तथा ४० संकोड़ सींव[3]। षेत थोड़ा। मुदो ऊनाळी ऊपर। अरट २० तथा २५, कोसीटा ३० तथा ३२ हुवै। नदो लूणो गांव नजीक। बेह १ खेजड़ीयाळी मास ४ पांणी। पछै मांहे बेरा षण पीवै। हमारू गांव षराबै छै।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१४१६)	११३८)	४२१९)	१२१६)	९०५)

१ राषसी ४०००)

सीवांणा था कोस ६ ऊगण दिसी। पटेल बांणीया रजपूत षाती बसै। धरती हळवा ७० तथा ७५। जुवार बाजरी मूंग मोठ बडो नेपत रा षेत[4]। ऊनाळी अरट २ नीबळासा[5]। सींधलावटो रौ वाहाळो आवै छै, तिण सेंवज काठा गेहूं नै चिणा हुवै छै। तळाव

१. बेहर। २. ६२७)।

1. बेरियें खोदी जाती हैं। 2. अलग कर दिया है। 3. कम रकबे वाली सीमा। 4. खूब पैदा देने वाले खेत। 5. साधारण पैदावार वाले।

बरसोंदीयौ पांणी। मांहे बावड़ी १ बंधवा छै। पाळ ऊपर बाग छै। बडौ गांव कांठा रौ। सींधळावटी रा चोरीया लागै[1]

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१३०)	१७००)	४१५)	१०५२)	११५५)[१]

१ थोभ बडोबास २०००)

सीवांणा था कोस १३ पछम दिसो। पटेल रजपूत बांणीया षाती बसै। बडी बसी[२] जायगा। धरती हळवा १५०। बाजरी षेत। ऊनाळी लूणी मांहे काठा गेहूं मण ४०० बावै। बडौ हासल हुवै[2]। तळाव मास ६ पांणी। कुवो १ पुरस १४ मीठौ। थोभ रा वास १३ कहीजै। तांमां[3] बास ७ सांसण छै। ६ जागीर में। कांठा रौ गांव छै। बास दो—एक पटेल रौ, दूजौ रजपूत रौ। बास २ बसै।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
५०)	१०५०)	२५३)	१०६७)	३४४)

१ आसोतरो २५००)

सीवांणा था कोस ५ ऊतर दिसी। पटेल बांणीया कुंभार रैबारी सोनार बसै। धरती ह्ळवा ८० तथा ९०। बाजरी जवार मूंग मोठ। बोहसींवो गांव[4]। ऊनाळी अरट १० तथा १२। कोसीटा ८ तथा १०। रेल आवै तरै सेंवज हुवै। षेत सषरा। तळाव मास ८ पांणी हुवै। कुवो १ मीठौ बंधवा छै, पुरस १४ छै। भाषर कोस १, बांकी ठौड़ छै[5]। बडौ गांव छै[३]।

१ जिड़ोतरी २०००)

---

१. ११९५)। २. वसी री।
३. 'ख' प्रति में रेख—३२२) ८८६) १३५५) १०५१) ६५१)।

---

1. सोघालावटी के चोर यहाँ पहुंचते हैं। 2. खूब लगान आता है। 3. जिनमें। 4. बड़ी सीमा वाला गांव। 5. विकट जगह है।

सीवांणा था कोस ५ ऊतर दिसी । बांणीया पटेल बांभण रैबारी बसै । धरती हळवा ७० । षेत सषरा । ऊनाळी अरट १५ कोसीटा १५ तथा २० करै तो[1] हुवै । तळाव मास ५ पांणी हुवै छै, तठै पीवै । नदी लूणी नजीक बडी लूणी, बडौ गांव ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
६२०)	१३०७)	३७६४)	१२२०)	०)

१ दहीबडी[2] २०००)

सीवांणा था कोस ८ ऊतर दिसी । पटेल बांणीया रजपूत कुंभार षाती बसै । धरती हळवा ६० तथा ७० । षेत सषरा । ऊनाळी अरट १२ कोसीटा १० । सेंवज गेहूं रेल मांहे घणा हुवै । नदी सूकड़ी सींधलावटी था आवै । गांव नजीक, तठै पांणी पीवै । बडो गांव, षुलासा छै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
६५५)	१४७०)	२४५०)	२१५१)[3]	३८६)

१ जणीयणो[4] १५००)

कोस ७ सीवांणा था ऊतर दिसी । पटेल बांभण बांणीया बसै । धरती हळवा ५५ । षेत सषरा । ऊनाळी अरट २० कोसेटा १० री ठौड़ । सेंवज हुवै । तळाव १ बेह[5] १ मास ७ पांणी, पछै बेरै पीवै । नदी गांव नजीक । पहली रावत हापा रा बेटा पोतरा बसता जिणां रै नांवै जोणयाणो कहीजै । भा० मनै पटेल बासीया मोटाराजा री बार मांहे ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
२१४)	७४३)	२१९५)	९४८)	८३२)

१ सीरांणो २१००)

सीवांणा था कोस ६ ऊतर दिसी । पटेल बांणीया बांभण कुंभार

---

१. तितरा । २. दहीपड़ो । ३. २१५३) । ४. जाणीयांणे । ५. बेहर ।

धरती हळवा ७० । षेत निपट सषरा । ऊनाळो अरट १० कोसोटा ५ तथा ७ हुवै । नदी लूणी दषण मांहे । तळाव मास ५ पांणी । मांहो कुवो १ छै तठै पीवै । बावड़ो २ बूरी पड़ी छै । मूळ पलोवाळा रौ षेडौ छै[1] ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
४७०)	१२११)	२२४६)[1]	७५२)	१६८)

१ देवलीआळो[2] १२००)

सीवांणा था कोस ६ ऊतर दिसा । पटेल बांभण बांणीया बसै । धरतो हळबा ६० । बाजरो मूंग मोठ जवार हुवै । ऊनाळी अरट ६ तथा ७ कोसोटा ५ तथा ७ चांच २ तथा ३ हुवै । तळाव मास ६ पांणो । नदो गांव था नजोक छै तठै पांणो पीवै । षैडौ भाषरी री षांभ छै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
२३७)	६८४)	१३५०)	६८४)	३५७)[3]

१ सांवरला १२००)

सीवाणा था कोस ८ ऊगण दिसा । पटेल बांणीया बांभण बसी रा रजपूत बसै । धरती हळवा ७५ बाजरी जुवार मूंग मोठ, बड़ी नेपैंतरा षेत । बोहसींवो गांव छै । ऊनाळी पीयल नहीं । उनमैं गुगला[4] भरीजै तरै काठा गेहूं मण २०० बावै । बाहळो सींधलावाटो रौ रैलीजै तठै सेंवज काठा गेहूं हुवै । तळाव बरस २ रौ पांणी रहै । काळ-दुकाळ[2] भुतो री बहर मांहे बेरा षणा पांणी पीवै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
५०)	७१०)	१३४)	७९९)	२७१)

---

१. २२८६) । २. देवलीयाळी । ३. ३५) । ४. उनम १ गुगळो ।

---

1. मूलतः पलोवालों का गांव है । 2. अकाल आदि होने पर ।

१ होठलु

सीवांणा था कोस ८ ऊतर दिसी । पटेल बांभण बांणीया रैबारी बसै । धरती हळवा ४० सांकड़ी-सीवौ[1] ।[1] षेत सषरा । ऊनाळी अरट १५ कोसेटा १० हुवै । रेल आवै तरै सेंवज घणी हुवै । तळाव नहीं । बेहराम मांहे कुवो १ बंधवो छै, तठै पोवै । नदी लूणो कोस ॥। दिषण मैं । मूल पलीवाळां रौ गांव, पछै सूनो हुवौ थौ । पाही बांभण षड़ै छै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
२२४)	६५५)	१३१०)	१२८५)	६२४)

१ करमावास १०००)

सीवांणा था कोस ७ ऊगण दिसी । पटेल बांणीयां रैबारी बसै । धरती हळवा ५० । जुवार बाजरी मूंग मोठ षेत सषरा । ऊनाळो अरट १० कोसीटा १५ हुवै । तळाव मास ६ पांणी, पछै अरट पीवै[2] । बडो गांव करमावास ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
४००)	६११)	१५९०)	११७०)	६०२)

१ मोतीसरो २५०)

सीवांणा था कोस ७ पूरब दिसी । पटेल रजपूत बांणीया बसै । धरती हळवा २०० तथा २५० । जुवार बाजरी मूंग मोठ तिल कपास षेत नीपट अवल । ऊनाळी पीयल नहीं । सींधलावटी रौ बाहळौ रेलीजै जितरै सेंवज गेहूं मण २०० बावै । तळाव मास ५ पांणी, मांहे बेरियां काची षिण पोवै । बाहळा गांव था नजीक ।

संवत १७१५	१६	१७	१८	१९
१००)	६९५)	११०)	१८८०)	५१६)

१. सांकड़-सीवो ।

1. कम सीमा वाला । 2. फिर रहट से पानी निकाल कर पीते हैं ।

१ कुंपाबास २०००)

सीवांणा था कोस ५ ऊतर दिसा। पटेल बांभण बांणीया कुंभार बसै। १ रजपूत बसै छै। धरती हळवा ५०। जुवार बाजरी मूंग मोठ षेत निपट सषरा। ऊनाळी अरट १० कोसीटा २० तथा २५ हुवै। नदी बडी लूणी बाड़ हेठै बहै[1]। तळाव मास ५ पांणी, पछै नदी पीवै।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
३६)	७४७)	१२५०)	८६०)	४००)[1]

१ आंबा रौ बाड़ो

सीवांणा थी कौस ८ ऊतर दिसी। पटेल रजपूत बांणीया बसै। धरती हळवा ७० तथा ७५। जुवार बाजरी मूंग मोठ तिल कपास। षेत अवल[2] बोहो सींवो गांव। ऊनाळी नहीं। जगीसा कोटड़ी रा करै। तळाव भुरड़[2] भेळौ मास ७ पांणी। पछै नदी सूकड़ी पीवै। नदी सींधलावाटी री गांव नजीक। पहली गांव जगीसा कोटड़ी में षड़ीजतो। संमत १७१३ भा० ताराचंद नाराणोत जुदौ पटै दीयौ, तरै जुदौ बसायौ।

१ लालीया

सीवांणा थी कोस ६ उतर दिसी। पटेल षाती बसै। धरतीं हळवा २० तथा २२। षेत सषरा। ऊनाळी अरट २ कोसीटा ४ हुवै। तळाव मास ४ पांणी। नदी सूकड़ी सींधलावटी री नजीक तठै पीवै। सषरौ गांव।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
२६०)	६२०)	६१४)	४२२)	२२८)

---

१. इसके पश्चात मूल प्रति के ६ पृष्ठ अनुपलब्ध हैं। 'ख' प्रति में भी इन पृष्ठों का वृत्तांत नहीं है। २. भुरउ।

---

1. गांव से लगती हुई। 2. श्रेष्ठ किस्म के खेत।

१ भुती

सींवांणा थी कोस ८ उगवण[1] दिसी । पटेल रजपूत बसै । धरती हळवा १५ निपट ग्रवल । ऊनाळी नै पीयल नहीं । बाहाळो[2] सींधलावटी रौ नदी रेल रौ आवै, तठै सेंवज हुवै । तळाव मास ५ पांणी । पछै गांव सुहली[1] पीवै । गांव सवला[2] भेळौ गांव कहीजै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
२०)	२५०)	६)	३२)	३०)

१ मोकल नडी

सोवांणा थी कोस ८ उतर दिसी । पटेल नै बसी रा रजपूत बसै । धरती हळवा ६० तथा ६५ । षेत सषरा एकसाषा । ऊनाळी नहीं । तळाई १ मोकलनडी मास ६ पांणी । पछै कुवौ १ पुरस १४ मीठौ पीवै । पहली सूनो थौ पछै बसीयौ छै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१०)	१००)	५१)	३०५)	१७५)

१ सुइली

कोस ६ ऊतर दिसी । पटेल बसै । धरती हळवा १७ तथा २० । षेत सषरा । ऊनाळी कोसीटा ५ हुवै । ढंढ १ छै तिण में सेंवज म० १२ तथा १५ वांनं[3] । नदी सूकड़ी भादराजण री भाषर री तिण थी बहै, भरीजै । बरसोंदीयो पांणी हुवै । देहरो १ माहादेवजी रौ कदीम छै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१०)	२२०)	२३८)	२४९)	१००)

१ सूरपुरौ

---

१. सुमली । २. सांवरला । ३. हुवै ।

---

1. पूर्व । 2. नाला ।

सीवांणा थी कोस ११ ऊतर दिसो । जाट उतराधा बसै । धरती हळवा १०० । बाजरी मूंग मोठ, षेत सषरा । ऊनाळी नहीं । सेंवज हुवै । तळाव मास ८ पांणी । पछै दहोपड़ै नदी पांणी पीवै । एक साषीयो गांव । राजा श्री सुरजसिंघजी री बार मांहे नवौ बसीयौ ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
२)	१२५)	३९)	५०१)	३७)

१ कालाणो[1]

सीवांणा थी कोस १२ ऊतर दिसो । बांणीयां पटेल रजपूत बसै । धरती हळवा ६० तथा ७० । बाजरी मूंग मोठ तिल कपास, षेत सषरा । ऊनाळी नहीं, एक साषीयो । तळाव मास ५ पांणी । कुवो १ बंधवो छै तठै पीवै । कालाणौ, कालाणा रा बास ९ कहीजै । जेतां मैं बास ५, सांसण बास ४ जागीरदार दाषलै नै बास २ बाघलप घड़सी रौ बाड़ो जुदौ हुवौ ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
६०)	३१०)	५०)	३००)	१५७)

१ चाहालो[2]

सीवांणा थी कोस ८ पूरब दिसी । पटेल रजपूत बसै । धरतो हळवा ४० । जवार बाजरी मूंग मोठ, षेत सषरा । एक साषीयौ । ऊनाळी नहीं । तळाव मास ६ रौ पांणो । कुवो १ बंधवो तिण रौ पांणी पीवै । बास २ मंडै, तांमें १ सूनो ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१५)	२७८)	५३)	२००)	८२)

१ रावणीयो[3]

सीवांणा था कोस ५ दिषण दिसी । पटेल रजपूत बांभण बसै । धरती हळवा ७० । षेत रूड़ा । इकसाषीयो । ऊनाळी नहीं । तळाव

१. काणाणो । २. चीहाली । ३. रवणीयो ।

मास ५ पांणी । पछै कुवौ १ बधालग तठै पीवै । बास १ बांभण रौ जुदौ डोहळीयां[1] छै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
६०)	२५०)	२२५)	२७५)	२५१)

१ लालांणो

कोस ५ ऊतर दिसी । पटेल रजपूत बसै । षारी धरती, हळवा ३० तथा ३५ । षेत सषरा इकसाषीया । ऊनाळी नहीं । तळाव २ मास ५ पांणी पीवै । नदी बडी लूणी नजीक तठै पीवै । अरट १ छै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
४०)	३१४)	५५)	४४९)	१५४)

१ पाडसाऊ

सीवांणा थी कोस ७, ऊतर दिसी । पटेल बांभण रैबारी बांणीया बसै । घरती हळवा ३० तथा ३२ । सषरा इक साषीया, ऊनाळी पीयल नहीं । रेल आवै तो सेंवज हुवै । तळाव मास ५ पांणी । कुवो १ बंधवो तठै पांणी पीवै ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
४०)	३८०)	१२४)	३३१)[2]	१३७)

१ बाघल[3]

सीवांणा थी कोस १२, उगूण मांहे । पटेल बसै । धरती हळवा २० तथा २५ । षेत सषरा । ऊनाळू ऊनवा ३ छै, सु भरीजै । तरै जुवार भावै काठा गेहूं हुवै[2] । तळाव बाघेळाव मास ८ पांणी । पछै मांहे बेरा षिण पीवै । पहली सांसण थौ बांभणां नुं पछै मांहे-माह लड़ीया[3] तरै भा० मांने[4] लीयौ ।

१. रेबारी (अधिक) । २. ३३६) । ३. वाघलप । ४. मने ।

1. दान में दिया हुआ । 2. जवार या काठे गेहूं होते हैं । 3. आपस में झगड़े ।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
१०)	१३०)	१२०)	१८७)	८१)

१ भुरडे[1]

सीवांणा थी कोस ८ ऊगोण नुं। जाट पटेल बसै। धरती हळवा ३० तथा ३२। षेत सषरा। ऊनाळी कोसीटा २ नीषालसा[2]। तळाव २[3] मास ७ पांणी। पछै अरटवाली[4] निवै पीवै। सषरो गांव छै।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
०)	०)	०)	७८)	६०)

१ त्रिगठी[5]

सीवांणा थी कोस ८ ऊगोण दिसी। पटेल रैबारी बसै। धरती हळवा ३०। जुवार बाजरी मूंग मोठ हुवै। इकसाषीयो। षेत सषरा ऊनाळी नहीं। तळाव मास ५ पांणी, पछै महेवरीये[6] पांणी पीवै।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
२५)	१५०)	२०)	१०१)	१२०)

१ षारबाहो

सीवांणा था कोस ८ ऊतर दिसी। पटेल रजपूत बांणीया बसै। धरती हळवा ३५ तथा ४० बाजरी मूंग मोठ हुवै। षेत सषरा इकसाषीया। ऊनाळी नहीं। तळाव २ मास २ तथा ४ पांणी। कुवो १ बंधवा तठै पांणी पीवै। सषरो गांव छै। कुवै ऊपरै बीघा ५ तथा ७ हुवै।

संमत १७१५	१६	१७	१८	१९
५०)	२५०)	११०)	१६५)	१७९)

१ मेहली

सीवांणा थी कोस ७ ऊतर दिसी। पटेल रजपूत रैबारी षाती

---

१. भुरड़। २. नीबलासा। ३. ३। ४. अरट वाले। ५. त्रीगठी। ६. मांहे बेरीयां।

